# एक साल से बंद पड़ा डाकघर का जनरेटर

**खास बातें**

- कर्मचारी और उपभोक्ता परेशान
- बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई
- भीषण गर्मी में कामकाज प्रभावित







नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 9 मई, जय स्तंभ चौक स्थित डाकघर का जनरेटर पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है, जिससे कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बार-बार विद्युत कटौती होने पर डाकघर का कामकाज प्रभावित हो जाता है और भीषण गर्मी में कर्मचारी ठीक ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं.**

डाकघर कर्मचारियों के अनुसार जनरेटर खराब होने की शिकायत कई बार ऊपर अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है. कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेशभर के डाकघरों में लगे जनरेटरों के रखरखाव और मरम्मत का जिम्मा ठेकेदार के पास है, लेकिन शिकायतों के बाद भी ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा है.

कर्मचारियों का यह भी कहना है कि बार-बार शिकायत करने से अधिकारी नाराज हो जाते हैं, इसलिए कई बार कर्मचारी खुलकर अपनी बात नहीं रख पाते. कर्मचारियों ने मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें और समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराएं.

डाकघर में कर्मचारियों की कमी भी लंबे समय से बनी हुई है. नगर की आबादी के हिसाब से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. कर्मचारियों का संगठन होने के बावजूद समस्याओं को लेकर प्रभावी आवाज नहीं उठ रही है.

### बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई, भीषण गर्मी में कामकाज प्रभावित

जय स्तंभ चौक स्थित डाकघर का जनरेटर पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है, जिससे कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बार-बार बिजली कटौती होने पर डाकघर का कामकाज प्रभावित हो जाता है और भीषण गर्मी में कर्मचारी ठीक ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं.डाकघर कर्मचारियों के अनुसार जनरेटर खराब होने की शिकायत कई बार अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है. कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेशभर के डाकघरों में लगे जनरेटरों के रखरखाव और मरम्मत का जिम्मा ठेकेदार के पास है, लेकिन शिकायतों के बाद भी सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा.कर्मचारियों का यह भी कहना है कि बार-बार शिकायत करने पर अधिकारी नाराज हो जाते हैं, इसलिए कई बार कर्मचारी खुलकर अपनी बात नहीं रख पाते. कर्मचारियों ने मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराएं.डाकघर में कर्मचारियों की कमी भी लंबे समय से बनी हुई है. नगर की आबादी के हिसाब से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. कर्मचारियों का संगठन होने के बावजूद समस्याओं को लेकर प्रभावी आवाज नहीं उठ रही है.



# मुरवास में वन विभाग की अतिक्रमण कार्रवाई पर उठे सवाल

- ग्रामीणों ने रेंजर पर पक्षपात के लगाए आरोप
- कोर्ट के स्टे के बावजूद कार्रवाई करने का दावा




नवभारत न्यूज

**मुरवास 9 मई, ग्राम पंचायत मुरवास में वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब विवादों में घिर गई है. ग्रामीणों और प्रभावित किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए हैं. मामले को लेकर ग्राम मुरवास निवासी फकीर मोहम्मद ने प्रेस वार्ता कर कई सवाल उठाए.**

ग्रामीणों का आरोप है कि उत्तर रेंज लटेरी में पदस्थ राजेंद्र शहरिया के नेतृत्व में वन विभाग ने केवल कुछ गरीब और कमजोर लोगों के अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई की औपचारिकता निभाई, जबकि प्रभावशाली लोगों के कब्जों को नजरअंदाज कर दिया गया. उनका दावा है कि जंगल की जमीन पर वर्षों से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है, लेकिन कार्रवाई चुनिंदा लोगों तक सीमित रखी गई.ग्रामीणों के अनुसार ग्राम मुरवास के कंपार्टमेंट नंबर 359 और 360 में जिस भूमि पर कार्रवाई की गई, उस पर संबंधित किसान का वर्षों पुराना कब्जा है और मामले में हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर भी प्राप्त है. किसान का कहना है कि उसका नाम वन विभाग की पात्रता सूची में भी दर्ज है तथा पूर्व में सीमांकन कर जमीन उसे सौंपी जा चुकी है.

प्रभावित पक्ष का आरोप है कि जब वह कोर्ट का आदेश लेकर मौके पर पहुंचा तो वन विभाग के अधिकारियों ने दस्तावेज देखने से इंकार कर दिया. किसान ने दावा किया कि उसके पास न हथियार था और न ही किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन करने की मंशा, वह केवल न्यायिक आदेश दिखाने गया था. इसके बावजूद उस पर सरकारी कार्य में बाधा और धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए.

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि किसी प्रकार की धमकी दी गई थी तो उसका वीडियो सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा, जबकि मौके पर ड्रोन, मोबाइल कैमरे और पुलिस मौजूद थी. किसान का कहना है कि उसके पास पूरी घटना के वीडियो मौजूद हैं.

### ग्रामीणों ने रेंजर पर पक्षपात के लगाए आरोप, कोर्ट के स्टे के बावजूद कार्रवाई करने का दावा

ग्राम पंचायत मुरवास में वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब विवादों में घिर गई है. ग्रामीणों और प्रभावित किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए हैं. मामले को लेकर ग्राम मुरवास निवासी फकीर मोहम्मद ने प्रेस वार्ता कर कई सवाल उठाए.ग्रामीणों का आरोप है कि उत्तर रेंज लटेरी में पदस्थ राजेंद्र शहरिया के नेतृत्व में वन विभाग ने केवल कुछ गरीब और कमजोर लोगों के अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई की औपचारिकता निभाई, जबकि प्रभावशाली लोगों के कब्जों को नजरअंदाज कर दिया गया. उनका दावा है कि जंगल की जमीन पर वर्षों से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है, लेकिन कार्रवाई चुनिंदा लोगों तक सीमित रखी गई.ग्रामीणों के अनुसार ग्राम मुरवास के कंपार्टमेंट नंबर 359 और 360 में जिस भूमि पर कार्रवाई की गई, उस पर संबंधित किसान का वर्षों पुराना कब्जा है और मामले में हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर भी प्राप्त है. किसान का कहना है कि उसका नाम वन विभाग की पात्रता सूची में भी दर्ज है तथा पूर्व में सीमांकन कर जमीन उसे सौंपी जा चुकी है.प्रभावित पक्ष का आरोप है कि जब वह कोर्ट का आदेश लेकर मौके पर पहुंचा तो वन विभाग के अधिकारियों ने दस्तावेज देखने से इंकार कर दिया. किसान ने दावा किया कि उसके पास न हथियार था और न ही किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन करने की मंशा, वह केवल न्यायिक आदेश दिखाने गया था. इसके बावजूद उस पर सरकारी कार्य में बाधा और धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए.

## चित्रगुप्त धर्मशाला में 7 दिवसीय योग शिविर शुरू

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में शनिवार से 7 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ. यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जो 16 मई तक चलेगा.योग शिविर का संचालन कायस्थ समाज के पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है. शिविर के पहले दिन जिला योग समिति अध्यक्ष डॉ. श्याम सिंह ने योग की बारीकियों और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी.वहीं योग प्रशिक्षक गजेंद्र पाल सिंह ने योगाभ्यास की नियमितता पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है.शिविर में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं.

# मोटरसाइकिल को बचाने पुलिया में जा गिरा डीजल टैंकर

- रातभर मशक्कत के बाद निकाला गया टैंकर
- दोपहर में लोहे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पलटी



नवभारत न्यूज

**सांची. राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब डीजल से भरा एक टैंकर मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में पुलिया में जा गिरा. घटना नगर से करीब तीन किलोमीटर दूर आमखेड़ा छात्रावास के समीप हुई. सूचना मिलते ही सांची पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद टैंकर को सुरक्षित बाहर निकाला गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जियो कंपनी का डीजल टैंकर क्रमांक एमपी 04 एचई 7333 करीब 12 हजार लीटर डीजल लेकर गुजर रहा था. इसी दौरान सामने अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आ जाने से चालक संतुलन खो बैठा और टैंकर पुलिया में उतर गया. हालांकि टैंकर पलटने से बच गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. टैंकर में बड़ी मात्रा में डीजल भरा होने के कारण आग लगने की आशंका भी बनी हुई थी, लेकिन समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया.घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात करीब 12 बजे हाइड्रोलिक मशीन की मदद से टैंकर को बाहर निकलवाया. अंधेरे और भीषण गर्मी के बीच पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी.इसी क्रम में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जागीरदार ढाबे के समीप लोहे की सरियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बीच सड़क पर पलट गई. घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया. सूचना मिलते ही सांची पुलिस मौके पर पहुंची तथा ढाबा संचालक और कर्मचारियों की मदद से ट्रॉली को सीधा करवाकर सड़क पर बिखरी लोहे की सरियों को हटवाया गया. इसके बाद यातायात सुचारू कराया गया.दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पुलिस ने वाहन चालकों से भीषण गर्मी और तेज रफ्तार के बीच सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है.राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ती गर्मी और तेज रफ्तार वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाएं प्रशासन और वाहन चालकों दोनों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं.

## सिरोंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडेय, न्यायाधीश मोना शुक्ला पांडे, न्यायाधीश ज्योति फुसकेले एवं अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती जी एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया. इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा कराकर प्रकरणों का निराकरण किया गया. इस दौरान प्रकरणों का निराकरण होने पर पक्षकारों को विभिन्न किस्म के पौधे भी दिए गए. इस दौरान सिरोंज अभिभाषक संघ अध्यक्ष कपिल त्यागी, अवधनारायण श्रीवास्तव, घनश्याम त्यागी, अशोक शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रवेंद्र दांगी, अंजना शर्मा, मलखान कुशवाह, सचिन शर्मा, अख्तर खान, मुस्ताक खान सहित कई अभिभाषक मौजूद रहे.



## विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं थैलेसीमिया दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया.कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू कमले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता और स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित विश्व प्रसिद्ध इंटरनेशनल रेडक्रास एवं रेड क्रास क्रिसेंट मूवमेंट की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी, जिसका मुख्यालय जेनेवा में स्थित है. उन्होंने बताया कि युद्ध में घायल सैनिकों की सेवा भावना के कारण इस संस्था को विश्वभर में पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ. सफेद पृष्ठभूमि पर लाल क्रॉस का चिन्ह चिकित्सा सेवा और मानवता का प्रतीक माना जाता है.उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डोनंट के जन्मदिवस 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है. यह संस्था दुनिया भर में मानव सेवा और राहत कार्यों के लिए निरंतर कार्य कर रही है.कार्यक्रम में विश्व थैलेसीमिया दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया. अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में पाठकगण उपस्थित रहे.

# श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा राम नाम का संदेश

- 121 कुंडीय श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन
- 11 मई को निकलेगी शोभायात्रा



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मध्यप्रदेश क्षत्रिय बघेल** राजपूत समाज द्वारा आयोजित श्री 121 कुंडीय श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा में द्वितीय दिवस कथा वाचिका सुगना बाईसा द्वारा श्रीमद्भागवत को कल्प वृक्ष की उपाधि देते हुए कहा कि यह ग्रंथ अचल एवं अखंड सत्य का प्रतीक है. उन्होंने बताया कि जीवन में केवल राम नाम ही सत्य है. उन्होंने कहा कि जब हमारे मन में यह भाव उत्पन्न होता है कि भगवान हमें देख रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि हम ईश्वर की उपस्थिति को स्वीकार करते हैं. भगवान सर्वत्र विद्यमान हैं. साधु-संतों के सान्निध्य में वास्तविक आनंद की अनुभूति मिलती है. मनुष्य के जीवन में संगति का विशेष महत्व है.

### 11 मई को निकलेगी शोभायात्रा

बघेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बघेल ने बताया कि 11 मई को सिरोंज नगर के प्रमुख मार्गों से बैंड-बाजों एवं वाहनों के साथ शोभायात्रा निकाली जावेगी, जिसका शुभारंभ महामाई माता मंदिर सिरोंज से होगा.

## आज से शुरू होगा 'बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने और नदी को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह द्वारा 10 मई से 16 मई तक ग्राम झिरी (जिला रायसेन, कोलार रोड) में 'बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान' चलाया जाएगा. अभियान में बड़ी संख्या में पर्यावरण कार्यकर्ता, नदी-प्रेमी और सामाजिक संस्थाएं श्रमदान करेंगी.समूह द्वारा बताया गया कि पिछले तीन वर्षों से जनसहभागिता आधारित यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इस वर्ष भी भोपाल, रायसेन, विदिशा, गंजबासौदा, सीहोर, इंदौर और अन्य स्थानों से प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमी अभियान में शामिल होंगे.



## शहरवासा समिति के श्री लीला वेयरहाउस केंद्र पर 20 हम्मालों की व्यवस्था

- राहतगढ़ से बुलाए गए हम्माल
- एक दिन में 1000 क्विंटल गेहूं की तुलाई

नवभारत न्यूज

**पठारी. शहरवासा समिति के श्री लीला वेयरहाउस गेहूं खरीदी केंद्र पर हम्मालों की कमी को लेकर किसानों में आक्रोश बना हुआ था. किसानों की समस्या को देखते हुए समिति प्रबंधक अरविंद शर्मा द्वारा सागर जिले के राहतगढ़ से 20 हम्माल बुलवाए गए.**

हम्मालों ने श्री लीला वेयरहाउस पहुंचकर एक ही दिन में लगभग 1000 क्विंटल गेहूं की तुलाई कर दी. समिति प्रबंधक ने बताया कि किसानों के गेहूं की तुलाई अब सुचारू रूप से शुरू हो गई है.उन्होंने कहा कि रविवार और सोमवार तक लगभग 50 अतिरिक्त हम्मालों की व्यवस्था और की जाएगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. टोकन व्यवस्था के अंतर्गत किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है.

**खेल** | 30 बच्चे हॉकी, 23 बच्चे फुटबॉल का ले रहे प्रशिक्षण, बच्चों को खेलों की बारीकियों की मिल रही जानकारी

# आरोह 2026 के तहत बच्चों को मिल रहा खेल प्रशिक्षण





नवभारत न्यूज

**सिरोंज, आरोह 2026 के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सांदीपनि विद्यालय सिरोंज में 1 मई से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें सिरोंज के करीब 53 बालक, बालिकाओं को फुटबॉल एवं हॉकी का प्रशिक्षण देने के साथ ही इन खेलों की बारीकियों के बारे में जानकारी दी जा रही है.**

सिरोंज ब्लॉक खेल समन्वयक केशव शर्मा ने बताया कि सांदीपनि विद्यालय खेल मैदान पर प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 8 बजे एवं सायं 5 बजे से 6 बजे तक बच्चों को बालक एवं बालिका वर्ग में फुटबॉल एवं हॉकी का अलग-अलग प्रशिक्षण मिल रहा है. शिविर में खेल प्रशिक्षक रितेश केवट बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं, जबकि रेणुका सेन फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ खेलों के नियम एवं तकनीकी जानकारी दे रही हैं. उन्होंने बताया कि 30 बच्चे हॉकी तथा 23 बच्चे फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रहे हैं. जिनमें करीब 20 बालिकाएं शामिल है. खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ बच्चों को फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता, साइबर सुरक्षा एवं स्वच्छ भारत अभियान आदि के बारे में भी जानकारी दी जावेगी. शिविर के दौरान अभिभावकों के साथ बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जावेगी. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बच्चों की टीमें बनाकर उनके बीच खेल स्पर्धाएं आयोजित कराई जावेगी. साथ ही प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जावेंगे.

# कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

क्रमांक/2366 to 2367/लोक निर्माण शाखा/2026 — विदिशा, दिनांक 06/05/2026

## :: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्र | ई-टेन्डर न. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2366 | 2026_UAD_505719_1 | Construction work of C.C. Road at ward no. 18 ballbhdas dharmshala to atul gas agency vidisha | I Call | 726965.00 | 7270.00 | 2000.00 | 03 Month | 22/05/2026 |
| 2 | 2367 | 2026_UAD_505726_1 | Construction work of C.C. Road at ward no. 18 balveer singh tomar house to ritha pathak house. | I Call | 761079.00 | 7611.00 | 2000.00 | 03 Month | 22/05/2026 |

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,विदिशा**